# महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय,
# आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com


पत्रांक-6929/कु0का0/2025 दिनांक-31/7/2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबन्धक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय,
आजमगढ़।

**विषय– सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में समर्थ पोंटल के माध्यम से प्रवेश/परीक्षा के सम्बन्ध में।**

महोदय,

मा0 कुलपति जी के आदेश तथा प्रवेश समिति द्वारा लिए गये निर्णय के क्रम में अवगत कराना है कि सत्र 2025–26 की प्रवेश प्रक्रिया व सत्र 2025–26 विषम सेमेस्टर की परीक्षा के सम्बन्ध में निम्नलिखित निर्णय लिये गये हैं–

1. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी महाविद्यालयों में 14 अगस्त 2025 तक प्रवेश की तिथि विस्तारित की जाती है, यदि किसी महाविद्यालय द्वारा उक्त तिथि के बाद प्रवेश लिया गया तो महाविद्यालय पर विश्वविद्यालय द्वारा अर्थ दण्ड लगाया जायेगा।
2. किसी भी महाविद्यालय में समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के पश्चात ही प्रवेश लिया जाय, समर्थ रजिस्ट्रेशन के बिना प्रवेश मान्य नही होगा।
3. परीक्षा फॉर्म अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह से भरा जायेगा तथा परीक्षा फॉर्म भी समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही भरा जाना सुनिश्चित है।
4. सभी महाविद्यालय शैक्षणिक कैलेंडर के क्रम में माह नवम्बर, 2025 के प्रथम सप्ताह तक अपने पाठ्यक्रम को ऑफलाइन व ऑनलाइन माध्यम से पूर्ण कर लें।
5. आगामी विषम सेमेस्टर सत्र 2025–26 की परीक्षाएं माह नवम्बर, 2025 के द्वितीय सप्ताह से प्रारम्भ होंगी।
6. परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 21.02.2025 तथा कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 25.02.2025 में लिये गये निर्णय के क्रम में विषम सेमेस्टर के प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के समस्त प्रश्नपत्र बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे, माइनर के समस्त प्रश्नपत्र भी बहुविकल्पीय होंगे तथा सम सेमेस्टर द्वितीय, चतुर्थ, एवं षष्ठम् सेमेस्टर के सभी मेजर प्रश्नपत्र वर्णनात्मक प्रकार के होंगे।

अतः अनुरोध है कि उक्त से अवगत होते हुए सभी छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों को अपने माध्यम से सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय

कुलसचिव